समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# भारत की तकदीर बदलने निकले MSMEs, 23,000 करोड़ की स्कीम मे दिखाई जबरदस्त दिलचस्पी।

Publisher Published on 19 May 2025



## ECMS स्कीम ने मचाई धूम, 15 दिन मे मिले 70 आवेदन।

भारत सरकार की नई **Electronic Components Manufacturing Scheme (ECMS)** को लॉन्च हुए महज 15 दिन हुए हैं और इतने कम समय में 70 से अधिक आवेदन मिल चुके हैं। **केद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव** के अनुसार, इंडस्ट्री से मिली यह सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाती है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग का भविष्य उज्जवल है।

### MSME सेक्टर बना गेमचेजंर

१. प्राप्त आवेदनों में से **80% आवेदन MSME सेक्टर** से आए हैं।
२. यह स्पष्ट संकेत है कि भारत का **लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र** अब केवल सर्विस सेक्टर तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि उच्च तकनीकी मैन्युफैक्चरिंग में भी कदम बढ़ा रहा है।
३. **MSMEs** अब "**मेक इन इंडिया**" के मजबूत स्तंभ बनते जा रहे हैं।

### बड़े ब्रांड्स भी दौड़ मे शामिल

१. हालांकि सरकार ने अभी आधिकारिक नामों का खुलासा नहीं किया है, लेकिन **Tata Electronics, Foxconn,** और **Dixon Technologies** जैसी दिग्गज कंपनियों ने स्कीम में रुचि दिखाने की पुष्टि की है।
२. इसका मतलब यह है कि यह योजना बड़े और छोटे, दोनों प्रकार की कंपनियों को आकर्षित कर रही है।

### 2030 तक आयात से बचने की रणनीति

१. **Elcina (Electronic Industries Association of India)** के अनुसार, यदि आज से कदम नहीं उठाए गए तो

भारत को 2030 तक 248 अरब डॉलर (21 लाख करोड़ रुपये) के इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स आयात करने पड़ सकते हैं।
२. **ECMS** स्कीम का मकसद है भारत को इस आयात निर्भरता से मुक्त करना और स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देना।

**स्कीम की लागत और वितरण**

| सेक्टर | आवंटन (₹ करोड़ में) |
|---|---|
| सब-असेंबली उत्पाद | ₹21,093 करोड़ |
| मशीनें व उपकरण | ₹1,712 करोड़ |
| कुल | ₹22,805 करोड़ |

**प्रमुख कंपोनेंट्स :**
**मल्टी-लेयर्ड PCB**
**फ्लेक्सिबल PCB**
**कैमरा मॉड्यूल**
**पैसिव और नॉन-SMD कंपोनेंट्स**

स्कीम की कैटेगरीज और आवेदन की समयसीमा

| **कैटेगरी** | **उत्पाद** | **आवेदन की समय-सीमा** |
|---|---|---|
| A | डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल | 1 मई से 3 महीने |
| B | बैटरी, नॉन-SMD कंपोनेंट | 1 मई से 3 महीने |
| C | फ्लेक्सिबल PCB, पैसिव | 1 मई से 3 महीने |
| D | संबंधित कैपिटल गुड्स | 2 साल तक खुले |

भारत को **टेक मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब** बनाने की दिशा में बड़ा कदम
१. **ECMS योजना** भारत को सिर्फ एक इलेक्ट्रॉनिक बाजार नहीं बल्कि निर्माण केंद्र में बदलने का विजन रखती है।
२. **MSMEs** की भागीदारी से रोज़गार के अवसर, **स्थानीय तकनीकी विकास, और नवाचार** को बढ़ावा मिलेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.